प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 24.11.2025 समय : 09.00 ए.एम.

......................

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत को पद की शपथ दिलवायेंगी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं से मुलकात कर विभिन्न क्षेत्रों में निवेश पर चर्चा की।
- राजस्थान की मेजबानी में पांचवें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स आज से शुरू होंगे।
- प्रदेश में सुबह शाम सर्दी के साथ कई स्थानों पर कोहरे का असर–जयपुर सहित कई जिलों में ठण्डी हवायें चलने और तापमान में गिरावट की संभावना।

......................

जस्टिस सूर्यकांत आज भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति भवन में उन्हें पद की शपथ दिलाएंगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत देश के 53वें सीजेआई होंगे। वे जस्टिस बी. आर. गवई का स्थान लेंगे, जो कल सेवानिवृत्त हो गये। राष्ट्रपति ने तीस अक्तूबर को न्यायमूर्ति सूर्यकांत को देश का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया था।

......................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल जोहानसबर्ग में जी20 शिखर सम्मेलन से अलग कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार, ऊर्जा तथा शिक्षा के क्षेत्र में संबंध मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि भारत–कनाडा संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। प्रधानमंत्री ने जी–20 समिट के दौरान इटली की प्रधानमंत्री जोर्जिया मेलोनी और जापान के प्रधानमंत्री सनाय ताकियाची से भी भेंट की। प्रधानमंत्री श्री मोदी दक्षिण अफ्रीका में जी–20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद आज सुबह नई दिल्ली पंहुचे।

......................

पांचवें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स आज से राजस्थान में शुरू हो रहे हैं। इसमें देशभर के 230 यूनिवर्सिटी के करीब 5 हजार छात्र भाग लेंगे। केआईयूजी में खिलाड़ी 24 खेल स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। ये प्रतियोगिताएं जयपुर, उदयपुर, जोधपुर, कोटा, अजमेर, भरतपुर और बीकानेर में आयोजित होंगी। इसका शुभारम्भ समारोह आज जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में होगा। इस वर्ष प्रतियोगिता में पहली बार कैनोइंग, कयाकिंग, साइक्लिग और बीच– वॉलीबॉल खेलों को भी शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडवीया और राज्य के खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड भी उद्घाटन समारोह में शिरकत करेंगे। खेल मंत्री श्री राठौड़ ने कल एसएमएस स्टेडियम में उद्घाटन तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि ये बहुखेल आयोजन देश के लाखों युवाओं की प्रतिभा को सामने लाने का मंच है। राजस्थान की मेजबानी को लम्बे समय तक याद रखा जायेगा।

......................

छठा अंतरराष्ट्रीय कृषि विज्ञान सम्मेलन आज से नई दिल्ली में शुरू होगा। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिहं चौहान कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। तीन दिन के इस सम्मेलन में एक हजार से ज्यादा वैश्विक प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिससे ये विश्व स्तरीय वैज्ञानिक विचार–विमर्श का प्रभावी मंच बनेगा। सम्मेलन में कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप–महानिदेशक, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और प्रमुख कृषि व्यवसाय नवाचारी भाग लेंगे। सम्मेलन की थीम–**स्मार्ट कृषि खाद्य प्रणालियों के लिए नई कृषि विज्ञान परिकल्पना** रखी गई है।

......................

गुरू तेगबहादुर जी का आज तीन सौ पचासवां शहीदी दिवस है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरू तेग बहादुर के बलिदान दिवस पर श्रृद्धाजंलि अर्पित की है। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने सत्य, न्याय और मानवता की

रक्षा के लिए बलिदान दिया। उनके संदेशों ने लोगों को सच्चाई का रास्ता अपनाने के लिए प्रेरित किया। 9वें सिख गुरू तेग बहादुर ने 1675 में अपने प्राणो की आहुति दी थी। उन्होंने 116 शबद और 15 रागों की रचना की। उनके संदेश आदि ग्रंथ में निहित हैं।

.......................

राज्य में सुबह शाम सर्दी के साथ अब कोहरे का असर भी देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार हवाओं के पैटर्न में बदलाव के कारण आज से अगले दो दिनों तक जयपुर सहित कई जिलों में ठण्डी हवायें चलने और रात के तापमान में 2 से 4 डिग्री सैल्सियस की गिरावट की संभावना है। इस बीच आज हनुमानगढ़, सवाईमाधोपुर और भरतपुर सहित कई स्थानों पर कोहरा बना हुआ है। हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि धुंध से आवागमन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि ओस का असर फसलों के लिये फायदेमंद माना जा रहा है।

.......................

उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत स्वास्थ्यकर्मी आज और कल घर घर जाकर पोलियो की खुराक पिलायेंगे। गौरतलब है कि चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से कल पांच साल तक के बच्चों को बूथ पर पोलियोरोधी दवा पिलायी गई। वंचित रहे बच्चों के लिए आज से डोर टू डोर पल्स पोलियो खुराक दी जायेगी।

.......................

अजमेर में नेशनल हाईवे 89 पर कल एक ट्रेलर और कार की टक्कर में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा गेगल क्षेत्र में कायड विश्राम स्थली के पास हुआ। पुलिस के अनुसार ट्रेलर गलत दिशा से आ रहा था और हादसे के बाद चालक वाहन छोडकर मौके से फरार हो गया।

.......................

नगरीय विकास और स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा है कि नगरीय निकायों का परिसीमन लोगों की भावना को ध्यान में रखकर किया गया है। श्री खर्रा कल जोधपुर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि परिसिमन से जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही और कार्यक्षमता में बढोतरी होगी जिससे प्रदेश का बेहतर विकास हो सकेगा। श्री खर्रा ने नये साल के शुरूआती महीनों में नगरीय निकायों के चुनाव करवाने के संकेत दिये।

.......................

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर कल डीडवाना कुचामन के दौरे पर रहे। उन्होंने धनकोली गांव में अंग्रेजी माध्यम सरकारी विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री दिलावर ने स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि हमे अपने आस–पास के स्थानों को साफ सुथरा रखना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करने पर जोर दिया।

.......................

उदयपुर को बेस्ट वेडिंग डेस्टिनेशन का खिताब मिला है। कल नई दिल्ली में आउटलुक ट्रेवलर्स अवार्ड सेरेमनी में उदयपुर को वेडिंग टूरिज्म के लिए सर्वश्रेष्ठ गंतव्य के रूप में पुरस्कृत किया गया। दुनियाभर में वेडिंग डेस्टिनेशन के लिए राजस्थान पसंदीदा बना हुआ है।

.......................

केंद्रीय पर्यटन एवं कला मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि देश में पर्यटन स्थलों पर सुविधाएं बढ़ाने के साथ ही कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए भी सुनियोजित तरीके से प्रयास किए जा रहे हैं। श्री शेखावत कल बीकानेर में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में एक संगोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वैश्विक परिदृश्य पर दुनिया के देशों में जीडीपी की 10 प्रतिशत से ज्यादा भागीदारी पर्यटन क्षेत्र की है। भारत में यह भागीदारी 5.5 प्रतिशत है। इसे बढाने के लिए चरणबद्ध तरीके से काम करते हुए पॉलिसी निर्धारण और क्रियान्वयन किया जा रहा है। श्री शेखावत ने कहा कि देश की पर्यटन जीडीपी में राजस्थान का हिस्सा अन्य प्रदेशों की तुलना में अधिक है।

.......................